Jagran

Interviews started for recruiting Housekeeping Staff

कटरा मेदनीगंज,प्रतापगढ : कटरा मेदनीगंज नगर पंचायत में सोमवार से सफाई कर्मियों की नियुक्त के लिए साक्षात्कार शुरू हो गया जो 30 सितंबर तक चलेगा।

संविदा पर नियुक्त किए जाने वाले सफाई कर्मियों की 14 सीटों पर चार हजार दो सौ बयासी अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। अभ्यर्थियों की भीड़ को देखते हुए उन्हें दो शिफ्ट में बुलाया जा रहा है।

प्रत्येक शिफ्ट में 476 अभ्यर्थी बुलाए जा रहे हैं। साक्षात्कार के लिए चार अधिकारियों का पैनल बनाया गया है। इसमें एसडीएम शशिभूषण राय, ईओ एमएम जैदी, एआर कोआपरेटिव अर¨वद प्रकाश, जिला अभिहित अधिकारी दीनानाथ यादव साक्षात्कार ले रहे हैं। साक्षात्कार के बाद प्रैक्टिकल के रूप में सड़क, नालों आदि की सफाई कराई जा रही है। इसमें महिला, पुरुष दोनों शामिल हो रहे हैं।